

# हरीश रावत ने ईवीएम से छेड़छाड़ की जताई आशंका

आरोप

■ कार्यकर्ताओ व मतदाताओं के फीडबैक के अनुसार भाजपा हार रही है: रावत

■ विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर डरी हुई है भाजपा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में चुनाव 14 फरवरी को खत्म हो गए। पर पूर्व सीएम व लालकुआं से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत अपने बयानों से प्रदेश का सियासी पारा गर्म किए हुए हैं। वह लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं। जगह–जगह घूमकर अनेक घोषणाएं कर रहे हैं। प्रदेश में 10 मार्च को मतगणना की जाएगी। पर उससे पूर्व हरदा अपने बयानों से छाए हैं। वह मतदाताओं से रुझान को लेकर फीडबैक लेने में व्यस्त है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ की आशंका जताई है।

शुक्रवार को हल्दुचौड़ में कार्यकर्ताओ से मुलाकात करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने




पूरे प्रदेश के आंकड़े लिए है।

कार्यकर्ताओ व मतदाताओं के फीडबैक के अनुसार भाजपा हार रही है। जिसका अंदाजा भाजपा को लग गया है। जिससे बौखलाकर भाजपा द्वारा ईवीएम में छेड़छाड़ या फिर ईवीएम बदलने की घटना को अंजाम दिया जा सकता है। उन्होंने लोकतंत्र के प्रहरियों से इसपर नजर बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा की कांग्रेस भी इसे लेकर सजग है। पोस्टल बैलट को फाड़ने की भी आशंका जताई है।

उनका कहना है कि पोस्टल बैलट को बदला भी जा सकता है। हरीश रावत कहते हैं कि विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर भाजपा डरी हुई है और इस तरह की सूचना है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है, क्योंकि भाजपा सरकार में कुछ भी मुमकिन है।

**अब तक की घोषणाएं:** पिछले दिनों हरीश रावत ने कोतवाली जाकर व ऑडियो क्लिप जारी कर वोट मांगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ग्रेड पे की समस्या के निराकरण का भी भरोसा दिलाया। वे सरकार बनने पर अन्य ऐसी ही घोषणाएं लगातार कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को मुंडन करने वालो के लिए सम्मान पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की है। इससे पूर्व उन्होंने घस्यारी सम्मान योजना, शगुन आंखर पेंशन योजना के साथ ही पुलिस कर्मियों को ग्रेड पे करने का वादा भी किया है।

## सोनिया गांधी जिसे चाहेंगी, वही बनेगा उत्तराखंड का सीएम

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री वही बनेगा, जिसे सोनिया गांधी चाहेगी। उन्होंने कहा पहले मैंने जो बात कही थी, उस समय इसकी जरूरत थी क्योंकि कुछ लोग चेहरा देख के वोट देते हैं। यह बात हरीश रावत ने लालकुआं में मीडिया कर्मियों से वार्ता करने के दौरान कही। उत्तराखंड में चुनाव के बाद पूर्व सीएम हरीश रावत अपने विधानसभा में सर्वाधिक सक्रिय हैं। वह मतदान के बाद भी चुनावी वादे किए जा रहे हैं। सरकार बनी तो फलां योजना, पेंशन आदि लागू करने की बात कह रहे हैं। साथ ही ईवीएम में छेड़छाड़ आदि के बयानों से लगातार भाजपा पर हमलावर भी हैं। ऐसे लग रहा अभी वह चुनाव प्रचार की रंगत से बाहर नहीं आए हैं। उन्होनें सीएम बनूंगा या फिर घर बैठूंगा वाले बयान पर सफाई भी दी। कहा कि कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अभी मतदान हुआ है, लेकिन परिणाम आने बाकी है। बहुमत मिलने पर कौन सीएम होगा? इसका फैसला सोनिया गांधी को करना है। बहुमत मिलने के बाद हम लोग सोनिया गांधी के पास जाएंगे और सीएम बनाने की घोषणा करने का आग्रह करेंगे।

# ईवीएम मशीन बदलने का नहीं बल्कि कॉंग्रेस को हारने का डर

पलटवार

■ हरीश रावत अब खुद दिन में ही सीएम होने का सपना देख रहे हैं

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा ने हरीश रावत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें ईवीएम मशीन बदलने का नहीं बल्कि कॉग्रेस के हारने का डर सता रहा है तभी वह कांग्रेसियों की स्ट्रॉंग रूम के बाहर ड्यूटी लगा रहे हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने तंज़ कसते हुए कहा कि मतदान से पहले तक यशपाल आर्य के रूप में दलित सीएम बनवाने का झूठा सपना दिखाने वाले हरीश रावत

**हरीश रावत को संभावित हार का अंदेशा हो गया है**

मनवीर चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा हरीश रावत अनुभवी नेता हैं तभी उन्हें अपनी संभावित हार का अंदेशा हो गया है, इसलिए अभी से हार के कारण तलाशते हुए ईवीएम मशीनों और मतपत्रों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा करते हैं। देखते जाइये मतगणना के बाद यही कांग्रेसी हार के बाद ईवीएम मशीन की तकनीक पर उंगली उठाते नज़र आएंगे।




की असल मंशा एक बार फिर उजागर हुई है और वह अब खुद दिन में ही सीएम होने का सपना देख रहे हैं।

जनादेश ईवीएम में बंद हो गया है लेकिन हरीश रावत सीएम होने के भ्रम में घोषणा पे घोषणा करने पर तुले हैं। मनवीर चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक और जहां कॉंग्रेस के दूसरे नेता अपनी पार्टी के घोषणापत्र की ही पोल खोल रहे हैं वहीं हरीश रावत एक कदम आगे बढ़ते हुए स्वयं को भावी सीएम मानकर नयी नयी घोषणाएँ कर रहे हैं। उन्होंने हरीश रावत पर व्यंग कसते हुए कहा कि आप बेवजह लोगों के बीच जा जा कर वादे कर रहे हैं क्यूंकि जनता को आपकी पार्टी के घोषणापत्र पर ही विश्वास नहीं है। तभी आपको अलग से घोषणापत्र मंत्रालय बनाने का वादा तक करना पड़ा था। आप ही हैं जो यशपाल आर्य में ही सीएम बनने की संभावना देखते थे और पंजाब की तरह सूबे में दलित सीएम बनाने की इच्छा जाहिर करते थे और अब आप ही कहते हैं भविष्य में सीएम पद से कम कुछ भी मंजूर नहीं। उनकी और कॉंग्रेस की विश्वसनीयता का ढोल जनता के सम्मुख फूट चुका है और रावत जी हैं कि वादों के फटे ढोल को बजाने पर लगे हैं।

## परिसीमन को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने छेड़ा अभियान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल क्षेत्र के आधार पर परिसीमन अभियान शुरू करने जा रही है। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल उत्तराखंड भू कानून अभियान के संयोजक प्रभात कुमार, उत्तरा पंत बहुगुणा और सीमा रावत ने देहरादून प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता में बताया कि परिसीमन के लिए सिर्फ जनसंख्या को ही आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। बल्कि शिक्षा स्वास्थ्य सड़क संचार जैसे विकास के मानक भी परिसीमन करने का आधार होना चाहिए।

उत्तराखंड क्रांति दल के नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने बताया कि जल्दी ही परिसीमन पर जनसमर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा और एक जनमत संग्रह कराया जाएगा इसके आधार पर तैयार मसौदे को नई सरकार को प्रत्यावेदन दिया जाएगा। प्रभात कुमार ने कहा कि नई सरकार का गठन होने के बाद परिसीमन को लेकर पूरे उत्तराखंड में जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी की याचिका पर मानव अधिकार आयोग का डीएम को नोटिस

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला की राजीव नगर डैश वाला से ट्रेंचिंग ग्राउंड हटाने को लेकर उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी देहरादून और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नोटिस जारी किया है। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने पिछले दिनों डोईवाला के नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत राजीव नगर से ट्रेनिंग ग्राउंड हटाने की मांग को लेकर मानवाधिकार आयोग में परिवाद दायर किया था। इसको लेकर मानवाधिकार आयोग ने दोनों अधिकारियों को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है और 4 अप्रैल को आयोग के समक्ष पत्रावली पेश करने के लिए कहा है।

### मतदान के बाद भी आप का उत्तराखंड नवनिर्माण मिशन जारी

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के सीएम उम्मीदवार कर्नल अजय कोठियाल ने अपने गंगोत्री विधानसभा दौरे के दौरान चुनाव संपन्न होने के बाद भी सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर दूरस्थ गांवों में लोगों से लगातार मिल रहे हैं। आप मीडिया प्रभारी अमित रावत ने बताया राजनीति केवल चुनावों और मतदान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए इसी सोच को कर्नल कोठियाल साकार कर रहे हैं।

### एम्स में हुई भर्ती की जल्द हो जांच: उमा सिसोदिया

**संवाददाता** देहरादून। एम्स में हुए भर्ती कांड को लेकर आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता उमा सिसोदिया ने एक बयान जारी करते हुए कहां की ऋषिकेश एम्स में 800 पदों में से 600 पदों पर एक ही राज्य के लोगों की भर्ती एक बहुत बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां एक और 600 पदों पर राजस्थान के लोगों को एम्स में भर्ती किया गया है वहीं एक ही परिवार के 6 सदस्यों को भर्ती करना एक बहुत बड़ा घोटाले की ओर इशारा करता है।

### डिजिटल भुगतान एक समावेशी अर्थव्यवस्था की नींव हैं

**संवाददाता** देहरादून। महामारी के दौर में डिजिटल भुगतान में तीव्र उछाल देखने को मिला क्योंकि विनिमय करना आसान होने के कारण उपभोक्ताओं को डिजिटल साधन अपनाने का प्रोत्साहन मिला। पिछले कुछ सालों में भारत में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अपार वृद्धि देखने को मिली है क्योंकि उपभोक्ता एवं व्यापारियों के लिए डिजिटल साधन अपनाना सुरक्षित और सुविधाजनक है। डिजिटल भुगतान ई–कॉमर्स को बढ़ावा देने वाले सबसे बड़े तत्वों में से एक है दरवाजे पर सामान पहुंच जाने से ऑनलाईन ऑर्डर करने और डिजिटल भुगतान करने में उपभोक्ताओं का विश्वास स्थापित हुआ है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।